राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर मिला ‘टोबेको कंट्रोल एक्सीलेंस अवॉर्ड’

चर्चा में क्यों?

20 अक्तूबर, 2023 को दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में तंबाकू नियंत्रण एवं रोकथाम की दिशा में उत्कृष्ट कार्यों के लिये राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर ‘टोबेको कंट्रोल एक्सीलेंस अवॉर्ड’ से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- राजस्थान की अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हेकाली जिमोमी एवं एडिशनल डीडीजी डॉ. एल स्वास्थ्यचिरण ने राजस्थान में तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र में हुए नवाचारों एवं कोटपा एक्ट के बेहतरीन क्रियान्वयन हेतु राजस्थान को टोबेको कंट्रोल एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदान किया है।
- स्टेट नोडल ऑफिसर, एनटीसीपी डॉ. एसएन धौलपुरिया एवं एडिशनल एसपीओ श्री नरेंद्र सिंह ने यह अवार्ड प्राप्त किया।
- प्रदेश में तंबाकू फ्री यूथ कैम्पेन के माध्यम से युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इसके तहत 60 दिवसीय तंबाकू मुक्त राजस्थान कार्ययोजना लागू कर जागरूकता कार्यक्रम, शपथ ग्रहण सहित विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की गई।
- उल्लेखनीय है कि राजस्थान टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 2023 की सभी गतिविधियों में अव्वल रहा है। टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन-2023 में कोटपा एक्ट के तहत सेक्शन 4 एवं सेक्शन 6 के तहत सर्वाधिक चालान राजस्थान में किये गए। इसी प्रकार अभियान के तहत आईईसी गतिविधियों, तंबाकू मुक्त गाँवों, तंबाकू मुक्त शैक्षणिक परिसरों आदि गतिविधियों में भी राजस्थान अव्वल रहा है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-received-tobacco-control-excellence-award-at-national-level